हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

मिल्कियाना®
Balanced Cattle Feed
Presents

कृषि संवाद

Agriculture Canclave 2026



Thursday, 22 Oct 2026

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

Health Partner
ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप



सुबह ठंड की दस्तक, कोहरे की चादर ने बदला मौसम का मिजाज

कोपरा। मौसम में बदलाव के साथ अब सुबह और शाम की ठंड का एहसास होने लगा है। सुबह-सुबह कोहरे की चादर और ठंडी हवाओं ने मौसम का मिजाज बदलना शुरू कर दिया है। बीते दिनों की तुलना में सुबह के समय वातावरण में ठंडक महसूस होने लगी है, जिससे लोगों को आने वाले सर्द मौसम का आभास होने लगा है। सुबह की शुरुआत के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरे का असर दिखाई देने लगा है। खेत-खलिहानों से लेकर गांव की सड़कों तक सुबह के समय मौसम में नमी और ठंडक का अहसास हो रहा है। मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले लोगों को भी अब गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस होने लगी है। वहीं, सुबह जल्दी काम पर जाने वाले ग्रामीणों और किसानों को बदलते मौसम के बीच अपनी दिनचर्या में बदलाव करना पड़ सकता है। मौसम में आ रहे इस बदलाव के साथ ही गर्म कपड़ों की तैयारी भी शुरू होने लगी है। हालांकि, ठंड का असर आने वाले दिनों में कितना बढ़ेगा, यह तापमान और मौसम की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा।

तौरेंगा परिक्षेत्र में मवेशी पर तेंदुए का हमला, ग्रामीणों में दहशत



मैनपुर। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर जोन अंतर्गत तौरेंगा परिक्षेत्र के ग्राम जरहीडीह और शोभा के समीप जंगल में 12 अक्टूबर सोमवार को दोपहर लगभग 12 बजे एक मवेशी पर तेंदुए ने हमला कर दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार मवेशी जंगल किनारे चर रहा था तभी तेंदुए ने उसके गला और मुँह पर हमला कर उसे जख्मी कर दिया। मवेशी के चिल्लाने और ग्रामीणों की आवाज सुनकर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। घटना की तत्काल सूचना जरहीडीह के जागरूक युवा भुआर्य पटेल उर्फ गोलू ने वन विभाग को दी। सूचना पर एसडीओ गोपाल कश्यप के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मुआयना किया। विभाग ने पुष्टि की है कि हमला तेंदुए ने ही किया है। मौके पर पैर और नाखून के निशान भी मिले हैं। वन विभाग ने बताया कि मवेशी मालिक अज्ञात होने के कारण अभी तक क्षतिपूर्ति प्रकरण नहीं बन पाया है। विभाग मालिक की तलाश कर रहा है। साथ ही वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल किनारे अकेले न जाएँ। मवेशियों को खुले में न छोड़ें और वन्य जीव दिखने पर तुरंत विभाग को सूचना दें।

राज्य खाद्य आयोग की बैठक में खाद्य और पोषण सुरक्षा की समीक्षा



राजिम। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा की अध्यक्षता में नवा रायपुर स्थित कार्यालय में आयोजित आयोग की समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रावधानित खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के विषय सहित वर्तमान में पीडीएस, पूरक पोषण आहार योजना, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और शासकीय आश्रम/छात्रावास हेतु रियायती दर पर प्रदाय खाद्यान्न योजना की निगरानी व्यवस्था की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-प्रगति, चुनौतियां और भविष्य की दिशा विषय पर भोपाल में आयोजित राज्य खाद्य आयोग के राष्ट्रीय सेमिनार मे नीति आयोग भारत सरकार, राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद, यूनिसेफ तथा भारतीय ग्रामीण प्रबंधन संस्थान, गुजरात के प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सुझावों पर चर्चा की गई।

पर्व : सुबह-शाम पूजा-अर्चना और आरती से भक्तिमय हुआ वातावरण

शारदीय नवरात्रि की धूम, सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना के साथ हो रही है माता की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा डांगनबाय

ग्राम डांगनबाय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्रि के शुभारंभ पर ग्राम के प्रमुख आराध्य देवी मां शीतला मंदिर में ज्योति प्रज्वलित की गई है। वहीं दुर्गा मंच पर जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम माता रानी की पूजा-अर्चना, मंगलाचरण एवं आरती की जा रही है। ग्रामवासी अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली, शांति तथा मंगलमय भविष्य की कामना लेकर माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। धार्मिक आयोजन के अंतर्गत मंत्रोच्चार, माता की स्तुति, प्रार्थना, दुर्गा सप्तशती पाठ, रामचरितमानस पाठ, हनुमान चालीसा एवं विभिन्न भजनों का गायन किया जा रहा है।

मांदर की थाप पर गूंज रहे सेवा गीत और जस गीत- नवरात्रि के इस पावन अवसर पर ग्राम की सेवा भजन समितियों एवं आमंत्रित सेवक समाज द्वारा मांदर की थाप पर पारंपरिक सेवा गीत, जस गीत और माता की महिमा का गुणगान किया जा रहा है। पारंपरिक लोकधुनों और भक्तिमय गीतों से ग्राम का वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया है। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपरा और धार्मिक आस्था की झलक इन आयोजनों में स्पष्ट दिखाई दे रही है। माता रानी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए महिलाएं, बच्चे, युवा और बुजुर्ग बड़ी श्रद्धा के साथ शामिल हो रहे हैं। परिवार सहित मंदिर पहुंचकर श्रद्धालु माता का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

गांव की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना- शारदीय नवरात्रि केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति, सदाचार और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी है। ग्राम डांगनबाय के इस आयोजन में सभी ग्रामवासी एकजुट होकर माता रानी से गांव की सुख-शांति, खुशहाली, अच्छी फसल, परिवारों की समृद्धि तथा सभी के मंगलमय जीवन की कामना कर रहे हैं। बैगा हीरालाल ध्रुव, रामशरण ध्रुव, ग्राम पटेल आदूराम साहू, विशेश्वर दीवान, सीताराम कंवर, सोनू ध्रुव, राम रतन साहू, खेमंत, जयराम साहू, रामू यादव, बलदाऊ राम, हुलासराम, शत्रुघ्न, आनंदराम, रतराम, कथु आदि।



दुर्गा मंच पर विराजीं आदिशक्ति मां दुर्गा

चौक-चौराहों पर विराजित माँ दुर्गा की प्रतिमाएँ







नवापारा-राजिम। परसदा में नवरात्रि की धूम मची हुई है। यहां चौक-चौराहो में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित है। सुबह शाम आरती में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हो रहे है।

मां शीतला और मां दुर्गा के दरबार में पहुंचे युवा नेता रोशन साहू



कोपरा। नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर ग्राम कसेरुडीह निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा नेता रोशन साहू ने अपने गृह ग्राम स्थित मां शीतला माता मंदिर तथा बजरंग चौक में विराजित मां दुर्गा के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों एवं ग्रामवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि नवरात्र का पर्व आस्था, भक्ति और शक्ति की आराधना का प्रतीक है। माता रानी की कृपा से सभी के जीवन में सुख-शांति बनी रहे और समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव एवं भाईचारे की भावना मजबूत हो।



नवापारा-राजिम। वार्ड नं 2 में शहर के रेल्वे क्रासिंग के पास मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा विराजित है। यहां देवी मां के भक्त मुहल्लेवासी सुबह शाम बड़ी संख्या में आरती में शामिल हो रहे है।

बुढ़ाराजा के दरबार में गूंज रहे आस्था के स्वर



मैनपुर। छत्तीसगढ़ के विशेष पिछड़ी जनजाति आदिवासी कमार समाज के प्रमुख आस्था केंद्र व देव स्थल बुढ़ाराजा के दरबार कुल्हाड़ीघाट जंगल में शारदीय नवरात्र का पर्व अत्यंत ही श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया जा रहा है। यहां आदिवासी संस्कृति और लोक-आस्था का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। हर तरफ पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज और जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। बुढ़ाराजा के दरबार में बड़ी संख्या में ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। आदिवासियों कमार समाज की प्राचीन परंपरा और संस्कृति के अनुसार, विशेष रात्रि अनुष्ठानों का आयोजन हो रहा है रात के समय पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढोल, मांदरी, और थाप के बीच देवी-देवताओं की सवारी निकाली जा रही है, जिसमें कमार जनजाति के लोग पारंपरिक वेशभूषा और पूरी तल्लीनता के साथ अपनी लोक-संस्कृति की अनूठी छाप छोड़ रहे हैं। इस दौरान विधि-विधान से देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की जा रही है।

ओडिशा से भी पहुंच रहे हैं श्रद्धालु – बुढ़ाराजा दरबार की ख्याति अब केवल छत्तीसगढ़ तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पड़ोसी राज्य ओडिशा से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन और मन्नतें मांगने पहुंच रहे हैं। सुदूर अंचलों से आने वाले भक्तों का तांता लगा हुआ है, जिससे पूरा क्षेत्र धार्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत नजर आ रहा है।

निसंतान दंपतियों की मन्नतें होती हैं पूरी – इस पवित्र देव स्थल की एक खास मान्यता दूर-दूर तक फैली हुई है ऐसी गहरी लोक-मान्यता है कि निसंतान दंपति अपनी संतान प्राप्ति की कामना को लेकर बूढ़ा राजा के दरबार में विशेष रूप से पहुंचते हैं ।सच्चे मन और अटूट विश्वास के साथ यहां आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। जिसके चलते संतान प्राप्ति के बाद माता-पिता धन्यवाद देने और आभार जताने पुन दरबार में हाजिरी लगाने आते हैं। कमार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुल्हाड़ीघाट के सरपंच बनसिंग सोरी, सुनाराम कमार, पदमन कमार, कुंदर कमार, जयसिंग कमार, धनसिंग, सोनुराम, सिरधर कमार, पुजारी जितेन्द्र कमार ने बताया घने जंगलों और दुर्गम पहाड़ियों के बीच स्थित कुल्हाड़ीघाट के पावन स्थल पर इन दिनों आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ रहा है।

माँ शीतला मंदिर में प्रज्ज्वलित हुए 1810 तेल व 27 घी ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा





छुरा में 1966 के बाद से नहीं हुई दुर्गा प्रतिमा की स्थापना

नगर की आराध्य देवी माँ शीतला मैया के दरबार में शारदीय नवरात्र केअवसर पर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। मंदिर में श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस वर्ष यहाँ अब तक 1810 तेल ज्योति कलश एवं 27 घी ज्योति कलश प्रज्वलित किए जा चुके हैं। छुरा नगर में वर्ष 1966 के बाद से दुर्गा प्रतिमा स्थापित न किए जाने की अनूठी परंपरा चली आ रही है। जिसके चलते स्थानीय और दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु माँ शीतला मंदिर में ही मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कर माता रानी की विशेष आराधना करते हैं।

दशकों पुरानी परंपरा और गहरी आस्था- माँ शीतला मंदिर के सर्वराकार एवं पूर्व विधायक ओंकार शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में वर्ष 1966 के बाद से सार्वजनिक रूप से दुर्गा प्रतिमा की स्थापना नहीं की जाती है। नगरवासी माँ शीतला मैया को ही अपनी सर्वोपरि आराध्य देवी मानते हैं और हर साल नवरात्र में मंदिर परिसर में ही मनोकामना ज्योति कलश स्थापित करवाते हैं। वर्षों पुरानी इस परंपरा के प्रति लोगों की गहरी आत्मीयता और अटूट विश्वास है। नवरात्र के इन नौ दिनों में श्रद्धालु विशेष रूप से पूजा-अर्चना कर अपने परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य तथा खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

भव्य विद्युत सजावट और गूंजते भजन-कीर्तन- पर्व के मद्देनजर माँ शीतला मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत लाइटों, रंग-बिरंगी झालरों और सुंदर साज-सज्जा से अलंकृत किया गया है, जिससे माँ का दरबार अत्यंत भव्य एवं दिव्य प्रतीत हो रहा है। प्रतिदिन प्रातःकाल और संध्या बेला में पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन के साथ महाआरती की जा रही है। इसके अलावा, सेवक समाज और विभिन्न आमंत्रित सेवा मंडलों द्वारा दोपहर व रात्रि में लगातार जसगीत, सेवा गीत, भजन और संकीर्तन प्रस्तुत किए जा रहे हैं। माता के जयकारों से पूरा छुरा नगर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया है।

दूसरे राज्यों से भी पहुँच रहे हैं श्रद्धालु- माँ शीतला मैया के दरबार की ख्याति अब केवल स्थानीय अंचल तक सीमित नहीं रही है, बल्कि छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, हैदराबाद, भोपाल और बीना (मध्य प्रदेश) जैसे अन्य राज्यों एवं महानगरों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँच रहे हैं। दूर-दराज के भक्तों द्वारा भी यहाँ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए जा रहे हैं।

आयोजन में जुटे समिति के पदाधिकारी- इस भव्य धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक ओंकार शाह, राजमहल छुरा के राजा यशपेंद्र शाह, सचिव रंजन ध्रुव, कोषाध्यक्ष ललित मेहता सहित सुभाष बैगा, मितेश दीक्षित, कुलेश्वर दाऊ, कोमल सोनी और अन्य सक्रिय सदस्य पूरी तन्मयता से व्यवस्थाओं को संभाल रहे हैं। 15 अक्टूबर को पंचमी एवं सिंगार पूजा, 19 अक्टूबर महाष्टमी हवन, 20 अक्टूबर महानवमी एवं श्री जंवारा विसर्जन होगा।

घटारानी धाम में 383 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित

छुईहा-बेलर। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां घटारानी धाम में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना हुआ है। माता रानी के दरबार में इस वर्ष 383 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई हैं। नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालु माता के दर्शन-पूजन कर परिवार, समाज और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना कर रहे हैं।



घटारानी विकास समिति के अध्यक्ष संतोष दीवान ,परमेश्वर दिवान,खेलावन पटेल ने बताया कि, विधायक राजिम रोहित साहू,छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल ने मां घटारानी के दरबार में मनोकामना ज्योत प्रज्वलित कर प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने राजिम विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे छत्तीसगढ़ के जन-जन के कल्याण, किसानों की उन्नति तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के उज्ज्वल भविष्य के लिए माता रानी से आशीर्वाद मांगा।। नवरात्र के दौरान जनकल्याण, प्रदेश की उन्नति और सामाजिक सद्भाव की भावना के साथ माता की आराधना की जा रही है। विधायक रोहित साहू,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने माता रानी से प्रार्थना की कि छत्तीसगढ़ में सदैव सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे। किसानों के जीवन में खुशहाली आए, युवाओं को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिलें तथा प्रत्येक परिवार में सुख, शांति और संपन्नता का वास हो। साथ ही प्रदेश में सामाजिक सद्भाव मजबूत हो और छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे।

दसकुंड महोत्सव के दूसरे दिन रामधुनी, पंडवानी और मानस गायन की धूम

मुड़ागांव (कोरासी)। गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड अंतर्गत केडीआमा (रमनपुर) में आयोजित नौ दिवसीय दसकुंड महोत्सव 2026 एवं वन देवी यज्ञ के दूसरे दिन 12 अक्टूबर को भक्तिमय और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। कसेसेरुडीह की रामधुनी पार्टी, फुलझर की अनुरागधारा पंडवानी पार्टी और सेमराडीह की जय मां दुर्गा मानस मंडली ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं और दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू का जन्मदिन छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन फरा-मुठिया खिलाकर मनाया गया।

रामधुनी, पंडवानी और मानस गायन ने बांधा समां- कार्यक्रम की शुरुआत कसेसेरुडीह की रामधुनी पार्टी की भक्तिमय प्रस्तुति से हुई। कलाकारों ने भगवान श्रीराम के गुणगान से वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। इसके बाद फुलझर (घटारानी) की अनुरागधारा पंडवानी पार्टी ने महाभारत की कथाओं पर आधारित पंडवानी गायन प्रस्तुत किया। गायन, संवाद और भावपूर्ण अभिनय के माध्यम से कलाकारों ने दर्शकों को आकर्षित किया।

इसी क्रम में सेमराडीह (कौंदकेरा) की जय मां दुर्गा मानस मंडली ने रामचरितमानस पर आधारित मानस गायन की प्रस्तुति दी। तीनों सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियों से महोत्सव स्थल पर देर तक भक्तिमय माहौल बना रहा।



फरा-मुठिया खिलाकर मनाया रूपसिंग साहू का जन्मदिन- महोत्सव के दूसरे दिन सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू का जन्मदिन भी आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन फरा और मुठिया परोसकर खुशियां साझा की गईं। पारंपरिक खान-पान के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति और ग्रामीण जीवनशैली की झलक देखने को मिली।

धार्मिक आस्था और लोकसंस्कृति का संगम है दसकुंड महोत्सव- दसकुंड महोत्सव 11 से 19 अक्टूबर तक नवरात्रि के अवसर पर केडीआमा (रमनपुर), विकासखंड छुरा, जिला गरियाबंद में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन का प्रमुख केंद्र सिद्धेश्वरी वन देवी माता मंदिर, जामवंत दादा की तपस्थली एवं गुफा, सुरंग पानी और घटारानी क्षेत्र से जुड़ी धार्मिक आस्था और लोकमान्यताएं हैं।

दसकुंड विकास समिति की पहल- कार्यक्रम संयोजक राजकुमार यादव के नेतृत्व में दसकुंड विकास समिति के सहयोग से महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र की धार्मिक-सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना, स्थानीय लोककलाओं को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण और नवोदित कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना है।

पेज 3 के शेष...

वाहन और रेत छोड़ने...

कहा कि 6 अक्टूबर को वाहन पकड़ा गया,जब छोड़ने की मांग किया तो 7 दिन बाद विभाग दुर्भावनावश कार्रवाई की जा रही है। पेनाल्टी की राशि नहीं भर पाऊंगा,वाहन भी मेरे रिस्क में लाया था,मेरा साथ अन्याय किया जा रहा है। इधर मामले में पक्ष जानने माइनिंग अधिकारी अर्चना ठाकुर को कॉल किया गया तो उन्होंने नहीं उठाया। मामले में कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि मामला माइनिंग विभाग से जुड़ा है। माइनिंग अधिकारी ही बता पाएगी क्या हुआ है।

रेत सिंडिकेट कर रहा काम- 15 अक्टूबर तक वैध रेत खदानों में प्रतिबंध है। लोगों का आरोप है कि ऐसे में हितग्राहियों को आवास निर्माण में तेजी लाने का दिया गया टास्क पूरा भी करना था। रेत सिंडिकेट से रेत लेने पर हितग्राहियों को महंगा पड़ता था। सिंडिकेट ऊपर से लेकर नीचे तक सेटिंग कर रेत का कारोबार कर रहे, कई हितग्राही अपने परिजनों की मदद लेकर रेत मंगा रहे ताकि सीमित लागत में आवास पूर्ण हो जाए। पर कार्रवाई की खाना पूर्ति के लिए माइनिंग विभाग ऐसे लोगों को सॉफ्ट टारगेट बना कर कार्रवाई की खानापूर्ति कर रही है। माइनिंग विभाग के अड़यिल रवैए को लेकर नाराज जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने जिला मुख्यालय की परिधि में चल रहे अवैध परिवहन पर कार्रवाई की नसीहत दी थी। फ

रात में फॉरेस्ट...

समाज को केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व देना पर्याप्त है,या उसके संवैधानिक अधिकारों, सम्मान और रोजमर्रा की जरूरतों की रक्षा करना भी सरकार की जिम्मेदारी है। श्री नेताम ने उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र में रात के समय आवागमन पर लगाए जा रहे प्रतिबंध को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा शाम सात बजे के बाद नेशनल हाइवे में बेरियर बंद कर दिए जाने से ग्रामीणों के सामने आपातकालीन परिस्थितियों में आवागमन की समस्या खड़ी हो सकती है। वन्यजीवों की सुरक्षा जरूरी है,लेकिन जंगलों के बीच बसे गांवों में रहने वाले इंसानों की जिंदगी और सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यदि रात में किसी ग्रामीण की तबीयत गंभीर हो जाए,गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाना पड़े या कोई दुर्घटना हो जाए, तो तत्काल आवागमन की व्यवस्था क्या होगी।



तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

02 दसकुंड महोत्सव के दूसरे दिन रामधुनी...



04 भोथीडीह-सेमरा को 83 लाख के विकास कार्यों...



राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर

ओपन परीक्षा में 10वीं,12वीं पास छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारमुखी प्रशिक्षण फायर सेफ्टी के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

वाहन और रेत छोड़ने की मांग की तो पीएम आवास हितग्राही पर 25600 रुपए का अर्थदंड, धरने पर बैठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवभोग

सीएम हेल्प लाइन के शिकायत का हवाला देकर माइनिंग विभाग ने पीएम आवास हितग्राही 25600 रुपए का अर्थदंड ठोक दिया है। आरोप है कि प्रतिबंध के बावजूद रेत परिवहन कर रहा था। मामले में ट्रैक्टर मालिक को भी बनाया पार्टी बनाया गया है। विभाग के कार्रवाई के खिलाफ पीएम आवास हितग्राही आज एसडीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठा रहा। सीएम हेल्पलाइन का हवाला देते हुए विभाग की दलील है कि 15 अक्टूबर तक नदी नाले से रेत परिवहन पर प्रतिबंध है, दूसरी तरफ हितग्राही बोला, बग़ैर रेत के कैसे प्रगति दिखाते। देवभोग नगर पंचायत में पीएम आवास हितग्राही सनत नागेश देवभोग एसडीएम ऑफिस के सामने आज दिन भर धरने पर बैठा रहा,उसको समर्थन देने अन्य आवास हितग्राही और पार्षद तक धरने स्थल पर मौजूद रहे। सनत नागेश की मांग थी कि उसके द्वारा आवास निर्माण के लिए मंगाई गई रेत और उसके रिश्तेदार के वाहन को छोड़ दिया जाए। लेकिन हितग्राही की मांग को सिरे से विभाग ने खारिज कर दिया ,उल्टे शाम 4 बजे तक हितग्राही और ट्रैक्ट मालिक के नाम नोटिस भेज कर 25600 रुपए अर्थदंड जमा करने का फरमान जारी कर दिया। विभाग ने पत्र में लिखा है कि 15 अक्टूबर तक रेत परिवहन पर प्रतिबंध है। हितग्राही सनत नागेश ने ⏭शेष पेज 2 पर

- माइनिंग विभाग ने की कार्रवाई

राज्य सरकार के ऐलान के बावजूद हितग्राहियों को नहीं मिल पा रही रेत



पार्षद ने माइनिंग अधिकारी पर लगाए आरोप

दरअसल 6 अक्टूबर को क्षेत्र में सेवा सेतु शिविर में पहुंची जिला माइनिंग अधिकारी ने रेत से भरे उस ट्रैक्टर पकड़ लिया जो पीएम आवास हितग्राही द्वारा मंगवाया जा रहा था। सरकार द्वारा सदन में ऐलान करने के बावजूद आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को रेत आसानी से उपलब्ध नहीं हो रहा है। पार्षद का आरोप है कि माइनिंग अफसर अवैध परिवहन करने वाले से सम्पर्क में रहते है। जो हितग्राही अपने रिस्क में कम खर्च पर रेत मंगाने की कोशिश करता है उसे कार्रवाई से गुजरना पड़ता है। हितग्राही की मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की बात कह रहे है।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
14 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
8

नवरात्रि विशेष



चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम।।

खबर संक्षेप

ग्रापं चरौदा में विधायक करेंगे लोकार्पण- भूमिपूजन 15 को

छुईहा बेलर। ग्राम पंचायत चरौदा के तत्वावधान में 15 अक्टूबर को लोकार्पण, भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सरपंच ग्राम पंचायत चरौदा गजानंद साहू, उपसरपंच सुरज पटेल ने कहा लोकार्पण-टीन शेड बाजार चौक ,



भूमिपूजन - सीसी रोड मौली चौक, सरस्वती शिशु मंदिर सामुदायिक निर्माण, टीन शेड निर्माण पुराना बाजार के पास, . सामुदायिक भवन निर्माण सतनामी पारा होगें। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित साहू, अध्यक्षता अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी, विअ संतोष उपाध्याय, चंद्रशेखर साहू महामंत्री भाजपा जिला, सतीश यादव उपाध्यक्ष जनपद फिंगेश्वर, महेश यादव अध्यक्ष नगर पालिका राजिम, हरीश साहू जिला अध्यक्ष सरपंच संघ, राजू साहू अध्यक्ष फणिकेश्वर फिंगेश्वर महाविद्यालय, कामता सेन, सुनीला साहू, चमेली सेन, डॉ. विष्णु बंजारे, कांति ध्रुव, पुरण ध्रुव, केंवरा बाई साहू, अनिता बंजारे, रेखा निर्मलकर, मानकी ध्रुव, आस बाई बंजारे, डोमन बंजारे सहित जनपद सदस्य, पंचगण जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

मांग : निलंबन-स्थानांतरण निरस्त करने और राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति की मांग

पीवी ऐप की समस्याओं और वेतन विसंगति पर पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

पीवी ऐप की तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं, कथित दमनात्मक निलंबन और स्थानांतरण की कार्रवाई, वेतन विसंगति तथा पदोन्नति की मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ ने आंदोलन शुरू कर दिया है। संघ के प्रांतीय आह्वान पर 13 अक्टूबर को जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में पटवारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की। पटवारियों के कामकाज से दूर रहने के कारण जिले में राजस्व संबंधी सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है। इसका असर किसानों और आम नागरिकों के भूमि संबंधी कार्यों पर भी पड़ सकता है।

- राजस्व सेवाओं पर पड़ सकता है असर

चार प्रमुख मांगों को लेकर आंदोलन- राजस्व पटवारी संघ ने आंदोलन के तहत चार प्रमुख मांगें उठाई हैं। इनमें पीवी ऐप के माध्यम से कार्य करने का बहिष्कार, पटवारियों के विरुद्ध की गई निलंबन एवं स्थानांतरण की कार्रवाई वापस लेना, वेतन विसंगति दूर करना तथा राजस्व निरीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति सुनिश्चित करना शामिल है। संघ का कहना है कि इन मांगों को लेकर लंबे समय से समस्याएं सामने आ रही हैं, लेकिन उनका संतोषजनक निराकरण नहीं होने के कारण आंदोलन का निर्णय लेना पड़ा।

वेतन विसंगति दूर करने और पदोन्नति की मांग- संघ ने वेतन विसंगति दूर करने के साथ राजस्व निरीक्षक के पद पर विभागीय पदोन्नति के लंबित मामलों का नियमानुसार निराकरण करने की मांग की है। इसके अलावा, पटवारियों के विरुद्ध की गई कथित दंडात्मक कार्रवाई को वापस लेने की मांग भी आंदोलन का प्रमुख मुद्दा है। संघ का मानना है कि कर्मचारियों की समस्याओं और कार्यक्षेत्र में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों का समाधान संवाद के माध्यम से किया जाना चाहिए।



पीवी ऐप की तकनीकी दिक्कतों से बढ़ी परेशानी

संघ के अनुसार, पीवी ऐप के माध्यम से फसलों के भौतिक सत्यापन के दौरान पटवारियों को तकनीकी और व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं से विभागीय अधिकारियों और शासन को अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं होने से कर्मचारियों में असंतोष बढ़ा है। पटवारियों का कहना है कि तकनीकी समस्याओं का निराकरण किए बिना काम का दबाव बनाए रखना उचित नहीं है। संघ ने ऐप से संबंधित दिक्कतों को दूर करने और कर्मचारियों की समस्याओं पर ठोस निर्णय लेने की मांग की है। पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल लंबी खिंचने पर जिले में राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो सकते हैं। भूमि अभिलेखों में सुधार, फसल सत्यापन, किसान पंजीयन, सीमांकन, नामांतरण तथा आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों के लिए आवश्यक राजस्व प्रतिवेदन तैयार करने जैसे कार्यों में देरी की आशंका है।

जल संसाधन विभाग की टीम ने किया प्रभावित स्थल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका



ग्राम सरकड़ा में प्रतिवर्ष बाढ़ के कारण ग्रामीणों के घरों एवं किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान से बचाव हेतु बाढ़ नियंत्रण एवं सुरक्षा तटबंध निर्माण की आवश्यकता को लेकर राजिम विधायक रोहित साहू को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया गया था। इस पर विधायक ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर स्थल का जायजा लेने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में आज जल संसाधन विभाग के उप अभियंता (इंजीनियर) द्वारा प्रभावित स्थल का निरीक्षण एवं मौका जाँच की गई।

यह कार्य अभी प्रारंभिक चरण में है। बाढ़ नियंत्रण से संबंधित योजना को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागीय प्रक्रियाओं, तकनीकी परीक्षण एवं आवश्यक स्वीकृतियों से गुजरना होगा। इसमें समय लग सकता है, लेकिन समस्या के समाधान की दिशा में यह एक सकारात्मक शुरुआत है। गाँव वालों का प्रयास है कि ग्राम सरकड़ा के ग्रामीणों को बाढ़ की समस्या से स्थायी राहत मिले, घरों एवं किसानों की फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो और भविष्य में बाढ़ से होने वाले नुकसान को रोका जा सके। इस पहल के लिए ग्रामीणों ने विधायक रोहित साहू एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

खरखरा - रसेला सड़क पर हादसे को न्योता दे रहा खुला गड्ढा



रसेला। रसेला- खरखरा सड़क मार्ग पर शीतला मंदिर के पास ढोडगा नाला के मोड पर सड़क किनारे बना जान लेवा गड्ढा दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है। सड़क के मोड पर स्थित इस गड्ढे के कारण राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। खासकर रात के अंधेरे और बारिश के दौरान यहां दुर्घटना की आंशका और बढ़ सकती है। स्थानीय मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर यह स्थिति चिंता का विषय है। सड़क किनारे गड्ढा होने के बावजूद यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं की गई, तो किसी बडी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। सड़क की इस बदहाल स्थिति को देखकर संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है ढोडगा नाला पुल के मोड पर स्थित गड्ढे की तत्काल मरम्मत कराई जाएं। साथ ही, मरम्मत होने तक दुर्घटना से बचाव के लिए चेतावनी संकेतक और आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जाएं, ताकि राहगीरों एवं वाहन चालकों को सुरक्षित आवागमन में परेशानी न हो।

धान की जगह वैकल्पिक फसलें लेने पर मिलेंगे 15 हजार प्रति एकड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद/ मैनपुर

राज्य शासन ने प्रदेश में कृषि परिदृश्य को बदलने और किसानों की आर्थिक उन्नति के लिए 'कृषक उन्नति योजना' के नए स्वरूप को मंजूरी दी है। इस नीति के तहत खरीफ सीजन में धान के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो-कुटकी, रागी और कपास जैसी वैकल्पिक फसलें उगाने वाले किसानों को 15 हजार रुपए प्रति एकड़ की इनपुट सहायता डीबीटी के माध्यम से प्दी जाएगी। कृषि विभाग के उपसंचालक चंदन राय ने बताया कि कम पानी और उच्च मूल्य वाली फसलों अरहर, उड़द, मूंग, सोयाबीन, मूंगफली, तिल आदि का चयन करने वाले किसान इस योजना के पात्र होंगे। इसके लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर समितियों के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है, जिसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। योजना में पारदर्शिता के लिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए किसान आधार कार्ड, खसरा नकल (B-1/P-2), डीबीटी सक्रिय बैंक पासबुक और मोबाइल नंबर के साथ नजदीकी प्राथमिक कृषि सहकारी समिति या ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर पंजीयन व संशोधन करा सकते हैं।

पूर्व से ले रहे तो मिलेंगे 10 हजार

पूर्व से ही खरीफ में दलहन, तिलहन व अन्य फसल लेने वाले पंजीकृत एवं नए गैर-पंजीकृत किसानों को सत्यापन के उपरांत 10 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से सहायता राशि दी जाएगी। यह लाभ केवल व्यक्तिगत किसानों को मिलेगा; ट्रस्ट, कंपनी या शासकीय संस्थाएं इसके पात्र नहीं होंगी।

मैनपुर-देवभोग और गरियाबंद-छुरा-फिंगेश्वर के शिक्षकों के लिए दो चरणों में हुआ आयोजन

युवा संसद प्रतियोगिता के लिए शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण, 70 ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में इस वर्ष प्रथम स्थान हासिल करने के लक्ष्य के साथ गरियाबंद जिले में शिक्षकों का दो चरणों में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम चरण का प्रशिक्षण सेजेस धुरवागुड़ी में मैनपुर और देवभोग विकासखंड के शिक्षकों के लिए आयोजित हुआ।जबकि दूसरे चरण में गरियाबंद, छुरा और फिंगेश्वर विकासखंड के शिक्षकों को पीएम श्री विद्यालय गरियाबंद में प्रशिक्षित किया गया। दोनों चरणों में जिले के लगभग 60 से 70 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने-अपने विद्यालयों में युवा संसद का प्रभावी आयोजन करने का संकल्प लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक जिला परियोजना अधिकारी बुद्धि विलास सिंह एवं जिला नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा की प्रमुख उपस्थिति रही। जिला नोडल अधिकारी ज्ञानेंद्र शर्मा ने बताया कि युवा संसद का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संसदीय कार्यप्रणाली, लोकतांत्रिक मूल्यों, तार्किक सोच और संवाद कौशल से परिचित कराना है। उन्होंने शिक्षकों से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस गतिविधि से जोड़ने और एक मजबूत जिला स्तरीय टीम तैयार करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर सतीश मालवीय ने शिक्षकों को संसद की कार्यप्रणाली, सदन की कार्यवाही और विभिन्न गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान मास्टर ट्रेनर विजय ठाकुर, श्याम सुंदर जायसवाल और पुरुषोत्तम वर्मा भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि पिछले वर्ष गरियाबंद जिले की टीम ने संभाग स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। इसी सफलता और अनुभव से प्रेरणा लेते हुए इस वर्ष बेहतर तैयारी के साथ संभाग में पहला स्थान प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिक्षकों ने जताई पूर्ण सहभागिता की प्रतिबद्धताकार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक कुशल ध्रुव, दिनेश निर्मलकर, धर्मराज साहू, सियाराम साहू, अश्वनी श्रीवास और लक्ष्मी देवांगन सहित अन्य शिक्षकों ने जिले का नाम रोशन करने के लिए पूरी मेहनत से विद्यार्थियों को अभ्यास कराने की बात कही। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले की तैयारियों को गति देने और विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक समझ बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम साबित हुआ है।



रात में फॉरेस्ट कर्फ्यू, दिन में पुलिस की बेरिकेडिंग, आखिर आदिवासी जाएं कहां : नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



गरियाबंद जिले के वनांचल क्षेत्रों में रात के समय आवागमन पर प्रतिबंध और दिन में पुलिस की लगातार चेकिंग को लेकर जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने राज्य की भाजपा सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर वन विभाग विस्थापन के मुद्दे पर आदिवासी ग्रामीणों के बीच भय और असमंजस का माहौल पैदा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर पुलिस की बेरिकेडिंग और सघन वाहन जांच से आम ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता संजय नेताम ने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आदिवासियों के हितों की रक्षा का दावा करती है,लेकिन जमीनी स्तर पर समाज के सामने जंगल, जमीन,आवागमन और सुरक्षा से जुड़ी गंभीर समस्याएं खड़ी हो रही हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या आदिवासी ⏭शेष पेज 2 पर

खबर संक्षेप

कार्यस्थल से एक किमी दूर लगा सड़क निर्माण का सूचना बोर्ड

छुरा। लोक निर्माण विभाग द्वारा छुरा से राजिम मार्ग पर सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। नगर से लगभग एक किलोमीटर दूर हरदी मोड़ के आगे सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। सड़क के दोनों ओर निर्माण कार्य



किया जा रहा है। निर्माण कार्य से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए जब मौके पर सूचना बोर्ड की तलाश की गई, तो कार्यस्थल पर बोर्ड नहीं मिला। जानकारी लेने पर पता चला कि सड़क निर्माण से संबंधित सूचना बोर्ड नगर के बस स्टैंड में लगाया गया है, जो वर्तमान कार्यस्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर है। हालांकि, सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति नगर के बस स्टैंड से प्रारंभ होने वाले हिस्से के लिए दी गई है, लेकिन वर्तमान में निर्माण कार्य हरदी मोड़ से आगे चल रहा है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर केपी सकारिया ने बताया कि फिलहाल नगर के भीतर सड़क निर्माण का कार्य नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि जिस स्थान से कार्य स्वीकृत होता है, सामान्यतः उसी स्थान पर सूचना बोर्ड लगाया जाता है।

कोहरे के बीच दौड़ लगा रहे बच्चे सुबह सड़कों पर बढ़ी चहल-पहल

मुड़ागांव (कोरासी)। मौसम में बदलाव के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह-सुबह कोहरा छाने के आसार नजर आने लगे हैं। ठंडी हवाओं और धुंध के बीच सुबह की सड़कों पर बच्चों की चहल-पहल देखने को मिल रही है। बच्चे दौड़ लगाने और शारीरिक अभ्यास करने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। सुबह की ताजी हवा के बीच बच्चे नियमित रूप से दौड़ लगाकर अपनी शारीरिक फिटनेस बेहतर बनाने और खेल प्रतिभा को निखारने में जुटे हैं। बच्चों में खेलकूद और व्यायाम के प्रति बढ़ता उत्साह स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का भी संकेत दे रहा है। हालांकि, कोहरे के दौरान सड़कों पर दृश्यता कम होने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में बच्चों को सड़क के किनारे दौड़ते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। वहीं, वाहन चालकों को भी धीमी गति से वाहन चलाने और सतर्क रहने की आवश्यकता है, ताकि सुबह की सैर और अभ्यास के दौरान किसी तरह की अप्रिय घटना न हो।

खुले सर्किट बॉक्स बदलना प्रारंभ, लोगों को मिलेगी राहत



मैनपुर। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मुख्यालय मैनपुर सहित क्षेत्र के सैकड़ों बिजली ट्रांसफार्मरों में सर्किट बॉक्स खुले पड़े हुए थे। जिसके चलते आए दिनों दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी। इस खबर को हरिभूमि ने कई बार प्रमुखता के साथ उठाया था। जिसके बाद प्रशासन ने संज्ञान मे लिया और विकासखण्ड क्षेत्र के खुले सर्किटों में अब नया बॉक्स लगाने का कार्य प्रारंभ हो गया, जिससे लोगो को राहत मिलेगी।

भोथीडीह-सेमरा को 83 लाख के विकास कार्यों की सौगात, विधायक ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम पंचायत भोथीडीह सेमरा में विकास कार्यों को नई गति देते हुए मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू ने 83 लाख रुपये की लागत पर विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इन कार्यों में रंगमंच, दशगात्र शेड, पंचायत भवन, स्कूल भवन, किचन शेड, सीसी रोड और उचित मूल्य दुकान का निर्माण शामिल है। इन विकास कार्यों से ग्राम पंचायत क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा और ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा चंपारण मंडल अध्यक्ष तोषण साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में रायपुर जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान तीन निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। इनमें ग्राम सेमरा में 5 लाख रुपये की लागत से रंगमंच निर्माण, ग्राम भोथीडीह में 5 लाख रुपये की लागत से दशगात्र शेड निर्माण तथा भोथीडीह में 5 लाख 20 हजार रुपये की लागत से रंगमंच निर्माण कार्य शामिल हैं। विधायक इंद्रकुमार साहू ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर विकास कार्यों की शुरूआत की। इनमें 19 लाख 99 हजार रुपये की लागत से ग्राम पंचायत भवन, 5 लाख 80 हजार रुपये से प्राथमिक शाला में किचन शेड, 10 लाख रुपये से सीसी रोड, 14 लाख 15 हजार रुपये से शाला भवन, 5 लाख 80 हजार रुपये से पूर्व माध्यमिक शाला में किचन शेड तथा 12 लाख रुपये की लागत से उचित मूल्य दुकान का निर्माण शामिल है। वहीं, पंचायत भवन, स्कूल भवन, किचन शेड, सड़क और उचित मूल्य दुकान के निर्माण से ग्रामीणों को दैनिक जरूरतों से जुड़ी सुविधाएं मिलेंगी। करीब 83 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन क्षेत्र में विकास गतिविधियों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

भोथीडीह-सेमरा में विकास को मिली रफ्तार



विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा गांवों का विकास हमारी प्राथमिकता

इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने ग्रामीणो को बधाई देते हुए कहा कि गांवों का समग्र विकास और ग्रामीणों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार गांवों में सड़क, शिक्षा, पेयजल, सामुदायिक भवन सहित आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन निर्माण कार्यों से ग्रामीणों को सुविधाएं मिलेंगी और गांव के विकास को नई गति मिलेगी। हमारा प्रयास है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और अभनपुर विधानसभा का प्रत्येक गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़े।

परेशानी : बस स्टैंड से गली-मोहल्लों तक झुंड में घूम रहे कुत्ते

नवापारा में आवारा कुत्तों-मवेशियों का कब्जा, सड़कों पर जनता बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नगर की सड़कों पर अब इंसानों से ज्यादा आवारा कुत्तों और लावारिस मवेशियों का कब्जा नजर आने लगा है। बस स्टैंड हो या प्रमुख चौक-चौराहे, बाजार हो या गली-मोहल्ले, शायद ही कोई ऐसा इलाका बचा हो जहां इनका जमावड़ा दिखाई न देता हो। दिन में सड़कों पर बैठे मवेशी यातायात में बाधा बन रहे हैं, तो रात होते ही झुंड में घूमते कुत्तों का भौंकना और राहगीरों के पीछे दौड़ना लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है।

- बीच सड़क पर डेरा जमाए मवेशी; दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा

स्थानीय लोगों के अनुसार, रात के समय यहां लगभग 20 से 25 कुत्ते और करीब इतने ही आवारा मवेशी एक साथ नजर आते हैं। यात्रियों, बस कर्मचारियों और देर रात आने-जाने वाले लोगों को इनके बीच से गुजरना पड़ता है। झुंड में मौजूद कुत्तों के अचानक भौंकने या पीछे दौड़ने से लोग घबरा जाते हैं। वहीं, मवेशियों के जमावड़े से बसों और दूसरे वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होती है। जिस बस स्टैंड पर यात्रियों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन मिलना चाहिए, वहां इस तरह की स्थिति व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। शहर के विभिन्न मोहल्लों में भी आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई है।



अब कार्रवाई चाहिए, केवल औपचारिकता नहीं

नवापारा के नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका आवारा कुत्तों के मानवीय और नियमानुसार प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था करे, उनकी संख्या तथा समस्या वाले क्षेत्रों का आकलन कराए। बस स्टैंड सहित प्रमुख स्थानों पर नियमित निगरानी सुनिश्चित करे। साथ ही खुले में घूम रहे मवेशियों के संबंध में पशुपालकों को जिम्मेदार बनाया जाए तथा नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

सड़कों पर बैठे मवेशियों, दुर्घटना का खतरा हर समय

नगर अनेक मार्गों पर गाय और अन्य मवेशी बीच सड़क पर बैठे नजर आते हैं। दिन में वाहन चालकों को इन्हें बचाकर निकलना पड़ता है, जबकि रात में कम रोशनी के कारण सड़क पर बैठे पशु अचानक सामने आने पर दुर्घटना का कारण बन जाते हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से खतरनाक है। यातायात बाधित होने के साथ-साथ किसी बड़े हादसे की आशंका भी बनी रहती है। सवाल केवल नगर पालिका का नहीं, बल्कि उन पशुपालकों का भी है जो मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। यदि पशुपालन करना है, तो पशुओं को घर, बाड़े या निर्धारित सुरक्षित स्थान पर रखने की जिम्मेदारी भी निभानी होगी।

सेवा संकल्प अभियान : शीतला तालाब की साफ-सफाई में उतरीं पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

सेवा संकल्प अभियान के तहत शीतला तालाब की स्वच्छता के लिए नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू स्वयं तालाब में उतरकर सफाई कार्य में जुटीं। उनके साथ मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, वरिष्ठ नेता परदेशी राम साहू, सफाई सभापति नम्मू नारायण ध्रुव, एल्डरमेन मुकुंद मेश्राम, गुलाब राव, मुकेश निषाद, नगर पालिका के सफाई कर्मचारी और वार्डवासी भी श्रमदान में शामिल हुए। सामूहिक प्रयास से तालाब से करीब एक ट्रैक्टर कचरा निकाला गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने शहरवासियों और शीतलापारा के लोगों से अपील की कि शीतला तालाब हम सभी के धरोहर है, इसलिए इसमें कचरा डालने और गंदगी फैलाने से बचें। उन्होंने कहा कि यहां माता का मंदिर और पवित्र जलधारा होने के कारण तालाब की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है तथा आगे भी समय-समय पर सफाई अभियान चलाया जाएगा।

छात्रों को व्यवसायिक शिक्षा के संबंध में बैंक ले जाकर दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर में समग्र शिक्षा द्वारा संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत बीएफएसआई (बैंकिंग) के छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु पंजाब नेशनल बैंक, शाखा मैनपुर ले जाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। बैंक पहुंचते ही बैंक के शाखा प्रबंधक प्रशांत ठाकुर ने सभी बच्चों का स्वागत किया। सभी विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक बैंक के विभिन्न गतिविधियों को देखा एवं समझा। साथ ही साथ बच्चों द्वारा बैंक के शाखा प्रबंधक प्रशांत ठाकुर से बैंक के उत्पाद से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रश्न करके अपने शंकाओं का समाधान किया। बैंक के प्रबंधक प्रशांत ठाकुर एवं फाइनेंस अधिकारी नरेश महाराणा एवं आलोक कुजूर और लिकेश साहू सर बच्चों को खाता के प्रकार, ऋण एवं ऋण के प्रकार, बीमा, जमा पचऍ, निकासी पचऍ, केवाईसी की जानकारी, एनपीए, एटीएम, चेकबुक, पासबुक, लॉकर सुविधा, के साथ–साथ बैंक से संबंधित होने वाली धोखाधड़ी की जानकारी, एवं उससे बचने के उपाय के बारे में जानकारी दिया गया। भ्रमण विद्यालय के प्राचार्य अमृत लाल साव एवं वरिष्ठ शिक्षक गोविंद पटेल के निर्देशन एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक चंद्रिका शंकर साहू के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शाखा के कर्मचारी मनीष पटेल आदि भी उपस्थित थे।

पशु क्रूरता रोकने और निराश्रित पशुओं की देखभाल के लिए प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करें : कलेक्टर

गौधाम निर्माण, पशु चिकित्सा सुविधा और पशु कल्याण से जुड़े कार्यों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला पशु कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पशुओं के प्रति क्रूरता रोकने, निराश्रित, वृद्ध एवं अशक्त पशुओं की देखभाल, गौधाम निर्माण तथा पशु चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सहित पशु कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को पशुओं के संरक्षण एवं देखभाल के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पालतू पशुओं के टीकाकरण और एंटी रेबीज कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि रेबीज जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए आवश्यक उपाय किए जाएं। उन्होंने संबंधित विभागों को पशुओं का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा लोगों को रेबीज से बचाव के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए, ताकि पशुओं और आम नागरिकों दोनों को सुरक्षित रखा जा सके। कलेक्टर ने पशुधन के महत्व और पशुओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही वृद्ध एवं अशक्त पशुओं के लिए गौधाम निर्माण, निराश्रित पशुओं के लिए उचित आश्रय तथा आवश्यकता के अनुसार पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



बैठक में जिला पशु कल्याण समिति की पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन, आय-व्यय के विकासखंडवार विवरण, पंजीयन शुल्क एवं विभागीय सेवा शुल्क सहित अन्य विषयों की समीक्षा की गई। जिले के निर्वाचित विधायकों को समिति में पदेन सदस्य बनाए जाने संबंधी पूर्व में प्रेषित प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विशेष अभियान से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्णसिंह उके, पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक ओपी तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को सेवा भावना एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए किया प्रेरित

पौधारोपण रंगोली प्रतियोगिता के साथ नवापारा कॉलेज में मना सेवा संकल्प दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

सेवा संकल्प के अंतर्गत श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, नवापारा में रंगोली, भाषण, पौधारोपण एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, सेवा भावना, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदारी विकसित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंद्रकांति वर्मा, उपाध्यक्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग तथा विशेष अतिथि अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में चंद्रकला वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष, तिल्दा, ओमकुमारी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष, नवापारा तथा जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष जीना निषाद सहित समिति के समस्त सदस्य शामिल हुए।





मुख्य अतिथि चंद्रकांति वर्मा ने कहा कि सेवा संकल्प केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों को समझने और उन्हें व्यवहार में अपनाने का अवसर है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सेवा, सहयोग एवं सामाजिक संवेदनशीलता के संस्कार भी विकसित करने चाहिए। विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने के महत्त्वपूर्ण केंद्र हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को समाजहित के कार्यों से जोड़ते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं जनजागरूकता की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने तथा अपने ज्ञान का उपयोग समाज के कल्याण में करने का आह्वान किया। पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया तथा शपथ ग्रहण के माध्यम से सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

सेवा संकल्प अभियान के अंर्तगत सेवा के रंग राष्ट्र के संग कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगोली के माध्यम से विकसित भारत के बारे में अलग अलग चित्र कला बनाया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नवापारा पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, सभापति नम्मु ध्रुव, सभापति निर्मला-धीरज साहू, सभापति पूजा कंसारी, सभापति जीना-सुजीत निषाद पार्षद जनभागीदारी अध्यक्ष, लोमेश्वरी साहू पार्षद, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तनु मिश्रा, महिला मोर्चा अध्यक्ष धनमती साहू, महामंत्री हर्षा कंसारी, एल्डरमैन कन्हैया साहू, प्राचार्य मधुरानी शुक्ला एवं समस्त प्रोफेसर व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

